तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

10 सुखई रासेयो शिविर में एबीएचए आयुष्मान...

10 पौराणिक काल से यादव समाज का देश में विशेष...




## खबर संक्षेप



### अंतागढ़ में स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

**अंतागढ़।** भारत स्काउट स्काउट्स गाइड्स जिला संघ के द्वारा स्काउट गाइड की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला के अंतागढ़ में स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर, रेंजर लीडर का प्रशिक्षण ट्राइबल एकेडमी अंतागढ़ हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से कुल 80 प्रतिभागी ने भाग लिया। अतिथियों ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग गाइडिंग की भूमिका होती है। क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों को भी इससे लाभ प्राप्त होगा और ऐसी गतिविधियां अंतागढ़ में किया जाना एक अच्छी शुरुआत है। समापन समारोह नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग के मुख्य आतिथ्य में, जिला मुख्य आयुक्त भरत मटियारा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर स्काउट से जुड़े प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### ऊंचाई में छूट देने के लिए सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा गृह मंत्री के नाम से अनुविभागीय अधिकारी को समान अधिकारों के तहत ऊंचाई में छूट देने को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन मंत्री उत्तम साहू ने कहा कि एसटी व एससी की तरह अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी देश सेवा करने समानता के अधिकार के तहत लाभ प्राप्त हो। बस्तर संभाग में आरक्षक भर्ती पर ऊंचाई में भी दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान माधेश्वर जैन, गौरीशंकर साहू, परमानंद साहू, जगन्नाथ साहू, मनीष योगी, अशोक यादव, अरविंद जैन, वेदप्रकाश, राजीव श्रीवास, डेवेन्द्र सिन्हा, अलीत सिन्हा, नंदा गोसाई, हीरामणि, तरुण जैन सहित सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सेमेस्टर परीक्षा शुल्क को कम करने सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम प्राचार्य डॉ. केके मरकाम को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई चारामा ब्लॉक अध्यक्ष लिकेश धृतलहरे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाओं के फीस में वृद्धि की गई है, जिसे प्रत्येक विद्यार्थी जमा कर पाने में समर्थ नहीं है और इसी कारण प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए बहुत कम विद्यार्थियों ने इस बार परीक्षा फार्म जमा किया है। इस दौरान केशमा जैन, ज्योति नाईक, प्रतिमा साहू, रेशमा साहू आदि महाविद्यालय चारामा के विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### सुखई में आनंद मेले का आयोजन 5 को

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम सुखई में आनंद मेला का आयोजन 5 दिसंबर को किया जाएगा। मेला की तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा हैं। ग्राम सुखई ग्राम पटेल बज्जूराम कोमरा, गायता तुलसी माहवे, उप सरपंच दिनेश माहवे, कृष्णा जैन ने बताया कि एक दिवसीय आनंद मेला का आयोजन 5 दिसंबर को रखा गया है। मेले को लेकर दुकानदारों को सूचना भेजा गया है। विकासखंड सहित अन्य क्षेत्रों के दुकानदार और व्यापारी अपना दुकान लगा सकते हैं।

# जिले के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी के लिए मावा मोदोल की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत भानुप्रतापपुर में मावा मोदोल की स्थापना किया गया है, जिसमें जिले में ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो पीएससी, रेलवे, व्यापम, पुलिस, शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे है, उनको मावा मोदोल में निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। निःशुल्क कोचिंग के लिए 4 दिसंबर तक पंजीयन किया जाएगा वहीं स्क्रीनिंग टेस्ट 5 दिसंबर को होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी, अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा जैसे पीएससी, रेल्वे, व्यापम, पुलिस, शिक्षक भर्ती आदि की निःशुल्क तैयारी विषय विशेषज्ञों के माध्यम से विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सके।

उन्होंने जानकारी दिया है कि जिले के विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा, पखांजूर अंतागढ़ क्षेत्र के इच्छुक छात्र बार कोड अथवा लिंक के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। अब तक 600 से अधिक छात्र- छात्रा पंजीयन करा चुके हैं। इसके लिए 04 दिसम्बर 2024 की शाम 05 बजे तक पंजीयन कराया जा सकता है।

## कल तक होगा पंजीयन, स्क्रीनिंग टेस्ट 5 दिसम्बर को

### केंद्र निर्धारित

पंजीकृत छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट 05 दिसम्बर 2024 दिन गुरुवार को 12 बजे से आयोजित की जाएगी। स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए विकासखंड मुख्यालय के शासकीय पीएमश्री विद्यालय भानुप्रतापपुर, शासकीय पीएमश्री विद्यालय अंतागढ, शासकीय पीएमश्री विद्यालय दुर्गुकोंदल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखांजुर को केंद्र बनाया गया है।



### पंजीयन व स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होने का आव्हान

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ ने जिले में निवासरत सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में 4 दिसंबर तक पंजीयन कराकर 5 दिसंबर को होने वाली स्क्रीनिंग टेस्ट में जरूर सम्मिलित हो।

## लापरवाही : 15 दिन में जांच नहीं होने पर समाज करेगा उग्र आंदोलन

# डड़सेना कलार समाज ने चारामा की युवती की मौत की न्यायिक जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा
- 10-15 मिनट की जांच के बाद बिटिया बेहोश हो गई

डड़सेना कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष की बेटी की रायपुर के एमएमआई नारायणा अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक ईलाज से चारामा निवासी वीणा गजेंद्र पिता पुरूषोत्तम गजेंद्र की मौत होने पर समाज ने न्यायिक जाँच की माँग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।

बस्तर संभाग मुख्यालय डड़सेना कलार समाज के पदाधिकारों ने ज्ञापन देने के उपरांत बताया कि डड़सेना कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरूषोत्तम गजेंद्र की 20 वर्षीय बेटी वीणा गजेंद्र के स्वास्थ्य की सामान्य जांच उपचार के लिए 25 नवंबर को रायपुर स्थित एमएमआई नारायणा अस्पताल लालपुर रायपुर में अपने माता-पिता के साथ सामान्य रूप बातचीत करते हंसते चलते हुई गई थी। संबंधित चिकित्सक ने बताया कि जांच उपचार की आवश्यकता है, केवल 10-15 मिनट की सामान्य जांच परीक्षण करके छुट्टी दे दी जाएगी। यह कहते हुए बिटिया को 25 नवबंर को अस्पताल में भर्ती किया गया। भर्ती के दौरान किसी भी प्रकार से कोई अन्य तकलीफ परेशानी या अन्य कोई शारीरिक परेशानी नही थी, संबंधित चिकित्सक को भी यह जानकारी थी।



चिकित्सक के बताए अनुसार 10-15 मिनट की जांच परीक्षण में न जाने ऐसा क्या हुआ कि बिटिया के बेहोश होने की जानकारी दी गई। किसी प्रकार से स्पष्ट या सही जानकारी न देते हुए बिटिया को वेंटिलेटर पर रख दिया गया और 7 से 8 घंटें इसी तरह बीत गया। चिकित्सक ने क्या इलाज किया, बिटिया को अचानक क्या हुआ, उसे होश नहीं आया। चिकित्सकों के एवं अस्पताल के किसी स्टाप के द्वारा कोई स्पष्ट सही जानकारी नहीं दिया जा रहा था। इलाज करने वाली डॉक्टर तुरंत ही अस्पताल से कहीं चली गई। माता-पिता बिना किसी जानकारी के अपनी बिटिया के स्वास्थ्य और उसके इलाज को लेकर अत्यधिक चिंतित एवं परेशान हो चुके थे, लेकिन संबंधित अस्पताल स्टॉफ द्वारा किसी भी प्रकार से कोई संतोषप्रद जवाब इन्हें नहीं दिया जा रहा था।

26 नवंबर की रात लगभग 9 बजे यह कह दिया गया कि बिटिया की मौत हो चुकी है। एक अच्छे स्वास्थ्य बच्चे के साथ हंसते बातचीत करती बिटिया अपने सामान्य चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल आई और 24 घंटे के भीतर ही उसकी अकस्मात मौत हो जाती है। यह घटना पूरी तरह से बहुत ही ज्यादा लापरवाहीपूर्ण और गलत इलाज का ही दुष्परिणाम है, जिसकी जितनी भी निंदा या भर्त्सना की जाए कम है। चिकित्सा के इस गलत व्यावसायीकरण का ही परिणाम है कि एक माता-पिता परिवार को अपनी अच्छी खासी चलती फिरती हसती बोलती बिटिया को 24 घंटे के भीतर खोना पड़ गया, जिसकी क्षतिपूर्ति कभी भी किसी भी रूप में हो ही नहीं सकती। ऐसे अस्पताल और अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए ताकि यह फिर किसी के जान से इस प्रकार से खिलवाड़ न करें और न ही इस प्रकार से किसी अपने को न खोना पड़े।

### उग्र आंदोलन के लिए होंगे बाध्य

समाज प्रमुखों ने माँग किया है कि इलाज की पूरी केस हिस्ट्री की विधिसम्मत न्यायिक जांच की मांग करते है। यदि 15 दिवस के भीतर एमएमआई नारायणा अस्पताल लालपुर रायपुर के विरुद्ध किसी भी प्रकार से कोई ठोस कार्यवाही नही किया जाता है तो समस्त डड़सेना कलार समाज, बस्तर संभाग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

# विधायक ने 20 लाख की लागत से बने टीना शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

- समाज ने जताई खुशी
- जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने साहू सदन में कराया बोर, 100 कुर्सियां भी कराई उपलब्ध

परिक्षेत्र साहू समाज मावलीपारा सालेटोला में विधायक निधि से साहू सदन के सामने तैयार किए गए टीना शेड को लोकार्पण विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि में हुआ। विधायक ने कहा कि अब सामाज को विभिन्न कार्यक्रम करने के लिए अब राहत मिल जाएगी।

लोकार्पण करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि समाज की माँग पर 20 लाख रूपएं स्वीकृत किया गया था और निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद लोकार्पण किया। दुधावा क्षेत्र को साहू समाज एकजुट होकर सभी कार्य को करते है और उसी का परिणाम है कि इस सामाज के लोग हर गतिविधि में आगे रहते है। समाज की एकजुटता से बच्चों को संस्कार भी अच्छे मिलते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिक्षेत्र साहू समाज मावलीपारा अध्यक्ष काजुराम साहू ने कहा कि विधायक ने समाज के द्वारा माँग करते ही उन्होने यह राशि दिया और अब शेड बनकर तैयार हो गया। यह सब विधायक आशाराम नेताम के कारण ही हो सका। उन्होने बताया कि साहू समाज के मांग पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू साहू सदन परिसर में बोर खनन एवं 100 नग कुर्सी दिया। दोनों नेताओं के द्वारा मांग पूरा करने पर परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के द्वारा खुशी जाहिर किया। साहू समाज की जो माँगे थी, उनके पूरा होने से अब समाज की बैठक व अन्य कार्य में आने वाली दिक्कतों से राहत मिल जाएगी। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से उपस्थित जनपद पंचायत नरहरपुर के उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि समाज के द्वारा जब भी कोई मदद माँगी जाएगी, मैं उसे पूरा करने के लिए सदैव प्रतिबद्व हूँ। इस अवसर पर हीरा मरकाम, लोकनाथ, ▶▶| शेष पेज 08 पर

# पीड़ित बहू ने पति और नंनद के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर



**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम भीरावाही में ससुराल पक्ष के द्वारा महिला के साथ मारपीट करने व कई प्रकार की यातनाएं देने का मामला सामने आया है। पति और नंनद से परेशान महिला ने थाना में शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंची मांझापारा भीरावाही निवासी बबिता सोनकर पति योगेश सोनकर ने पुलिस को बताया कि मेरा मायका बालोद जिला के ग्राम आसरा में है। विवाह वर्ष 2021 में योगेश पिता स्व. शंकर से हुआ, जिससे मेरी तीन बेटियां है। विवाह के बाद से ही मेरे ससुराल वालो का रवैया मेरे प्रति ठीक नहीं था। आए दिन मुझे डांटना, मारना, भूखे रखना, चरित्र पर लांछन व अन्य आरोप लगाते थे। अपनी गृहस्थी बचाने सब सहती रही, सब कुछ सहने के बाद भी 27 नवंबर को सुबह 10 बजे मेरे पति योगेश और एवं बड़ी नंनद डगेश्वरी सोनकर ने मेरे द्वारा चांवल मांगने की बात को लेकर गाली देने लगे। बाल खींचकर चप्पल से मारते हुए गली की ओर ले जाकर मारपीट ▶▶| शेष पेज 08 पर

## ग्राम अमोड़ा में दो बाइक की भिड़ंत में पति-पत्नी घायल



**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम अमोड़ा के बाजारपारा चौक के पास बीते दिनों दो बाईक में जबरदस्त टक्कर हो गया। दोनो बाईक की टक्कर में एक बाईक में सवार पति-पत्नी को चोट आई। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे अमोड़ा निवासी 24 वर्षीय गजेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर को दोपहर लगभग 12 बजे मेरी गाड़ी सीजी 19 बीएफ 3090 में सवार होकर मै और मेरी पत्नी रीना चौहान जनरल चेकअप के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा जा रहे थे। बाजारपारा चौक अमोड़ा के पास पहुंचे ही थे कि आरोपी मोटर सायकल का चालक अमोड़ा निवासी रविंद्र कुमार कोड़ोपी सामने से तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर दुर्घटना कर दिया, जिससे मेरी पत्नी की पीठ, पैर, सिर एवं रीड की हड्डी एवं मुझे कान के पीछे, सिर, कलाई, हाथ, जांघ व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई है। मेरी मोटर सायकल घटना में क्षतिग्रस्त हो गई ▶▶| शेष पेज 08 पर

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में केंद्रों के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर संकुल के अंतर्गत संचालित 16 केंद्रों के प्रतिभागी शामिल हुए, वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक सोमदेव नायक, प्राचार्य थानुराम सिन्हा, सरपंच सोनाऊ राम गावड़े, गायता उदय राम कोला एवं वार्ड पंच की उपस्थिति में किया गया।

संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य में परेंकोड़ो प्रथम रहा, युगल नृत्य में सरस्वती शिक्षा केंद्र बोगर, सामूहिक नृत्य में सरस्वती शिक्षा केंद्र दाबकट्टा प्रथम रहा। दूसरे दिन खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तिगत खेल में जलेबी दौड़ में प्रथम शुभम कुमार, द्वितीय यशु कुमार, बोरा दौड़ में प्रथम श्लोक विश्वकर्मा, द्वितीय किशन कोर्राम, गुब्बारा फोड़ में प्रथम सोनसाय मरकाम, द्वितीय थानेश्वर, 100 मीटर दौड़ में प्रथम बालक वर्ग रुद्र प्रताप, द्वितीय नागेश, बालिका वर्ग में प्रथम भुवनेश्वरी निषाद , द्वितीय लिकेश्वरी, आलू दौड़ बालक वर्ग में प्रथम प्रियांशु, द्वितीय फिरोज, बालिका वर्ग में प्रथम भुवनेश्वरी, द्वितीय माही वहीं सामूहिक खेल में कबड्डी बालक वर्ग में प्रथम दाबकट्टा, द्वितीय परेकोड़ो, बालिका वर्ग में कबड्डी में प्रथम चिचगांव, द्वितीय परेकोड़ो वहीं ग्रामीण महिलाओं ▶▶| शेष पेज 08 पर

## ग्रामीण इलाके की महिलाओं की बदली तकदीर व तस्वीर

# पीएम आवास बनने से खपरैल बदलने की परेशानी से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के सिर पर न सिर्फ छत दे रही है बल्कि विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात भी दिला रही है। इस योजना से ग्रामीणों की तकदीर व तस्वीर दोनों बदल गई है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़पार निवासी द्रोपदी कश्यप पीएम आवास की हितग्राही हैं, उन्होने बताया कि इस योजना से मकान बन जाने से हर साल खपरैल बदलने का जो झंझट था, उससे अब मुक्ति मिल गई है। मुड़पार निवासी द्रोपदी कश्यप का कहना है कि पीएम आवास योजना के तहत वर्ष 2020-21 में आवास स्वीकृत हुआ जो अब बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ ही, इसके अलावा बारिश के दिनों में कच्चे मकान में होने वाली सीलन, कीड़े-मकोड़ों का डर भी सताता रहता था, उससे निजात मिल गई। पहले कच्चा घर होने से हर साल खपरैल (कवेलू) बदलवाने का झंझट होता था, इससे पूरी तरह से अब मुक्ति मिल गई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार का सपना बड़े मकान का था, जो अब साकार हो गया है। इस योजना से 1 लाख 20 हजार रूपएं मिले तथा 6 लाख रूपए का ऋण महिला संगठन से लिया, इसके अतिरिक्त कुछ रूपए बैंक से भी उधार लिए। मेरा और मेरे परिवार का सपना पूरा हो गया है। इसी तरह से मुड़पार (दखनी) की ही बिमलाबाई सरोज ने भी योजनांतर्गत पक्के आवास का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में उनका आवास स्वीकृत हुआ और 2023 के वर्षान्त में पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। आवास निर्माण के लिए उन्हें क्रमशः 40 हजार, 60 हजार उसके बाद 20 हजार रूपए बैंक खाते में मिले। इसके अलावा खुद के घर में मजदूरी करने के एवज में 20 हजार रूपए की अतिरिक्त राशि मिली। उनके पति दुरपसिंह सरोज ने बताया कि पक्का आवास के बन जाने से उनके सालों पुरानी इच्छा पूरी हो गई।




### बारदाना संकट पर आज एक दिवसीय धरना

**दुर्गुकोंदल।** धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना के विरोध ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के नेता और कार्यकर्ता 4 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन की जानकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को दिया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि समर्थन मूल्य छत्तीसगढ़ सरकार ने बिना कोई तैयारी के शुरू किया है। डबल इंजन की सरकार धान बेचने के लिए किसानों को बारदाना मुहैया नहीं करवा रही है। किसानों को बारदाना खरीद कर मंगाया जा रहा है। किसान धान बेचने 40 रूपएं की दर से एक नग बारदाना को खरीद रहे हैं। बारदान की संकट का फायदा कोचिया, राईस मिलर्स उठा रहे हैं। सरकार धान खरीदी के लिए बारदाना देने में विफल है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## एक दिवसीय रोज़गार मेला 4 दिसम्बर को

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवकों और युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव द्वारा 4 दिसंबर को सुरडोंगर मैदान केशकाल में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 12 नियोजकों द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में 4225 विभिन्न पदों पर कार्य करने हेतु भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक एवं पात्र युवक-युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## गोपालराम करेली बड़ी समिति के प्राधिकृत अधिकारी बने

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेली बड़ी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में खट्टी निवासी गोपालराम साहू को पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने शपथ दिलाई। प्राधिकृत अधिकारी गोपाल साहू ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार मानते हुए कहा कि किसानों को धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं होगी। शासन की गाइडलाइन के आधार पर खरीदी होगी। समिति के कर्मचारी किसानों के हित में काम कर रहे हैं। मंच संचालन हाईस्कूल अध्यक्ष महेंद्र साहू ने किया। मौके पर समिति प्रबंधक नत्थू सोनकर, डेटा सहलिपिक तरुण निषाद, सरपंच डोमारसिंह साहू, उपसरपंच पदुम साहू, पंच यादराम निषाद, जितेश्वर साहू, फूलसिंग, दानेश्वर सिन्हा, थानेश्वर साहू, भोजराम साहू, राधे निषाद, एकांत साहू, मोहित कश्यप, सुमित जामरे, प्रदीप जामरे, कृपा बघेल समेत बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# कोंडागांव की सुशीला नेताम का राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कभी माओवाद के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर संभाग अब खेलों के लिए भी पहचाना जा रहा है। यहाँ के युवा अब खेलों से जुड़ कर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। ऐसे ही एक युवा खिलाड़ी हैं तीरंदाज सुशीला नेताम, जिन्होंने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से कोंडागांव जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में रायपुर के खेलो इंडिया कोदूराम वर्मा तीरंदाजी केंद्र में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुशीला ने राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 15 से 20 दिसंबर के बीच जमशेदपुर झारखंड में आयोजित की जाएगी। ग्राम बोटीकनेरा की रहने वाली सुशीला नेताम ने अपनी तीरंदाजी की शुरुआत कक्षा आठवीं में शुरू की थी। वर्तमान में वह पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास में रहकर कॉलेज की पढाई कर रही हैं और तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही हैं।जिला प्रशासन और भारत तिब्बत सीमा पुलिस की मदद से उन्हें सुशीला सहित सभी खिलाड़ियों को आवश्यक उपकरण, शूज और ट्रैकसूट आदि उपलब्ध कराए गए। सुशीला बताती हैं कि पहली बार राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए ट्रेन से नागपुर गई थी। ज्यादा उत्साह और सफर के कारण स्वास्थ्य खराब हो गया जिसके कारण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। सुशीला ने 2019-20 में सीनियर नेशनल में अपना स्थान पक्का किया हालांकि मेडल नहीं ला पाईं। इसके बाद उन्होंने अपनी कमियों पर काम किया और जून 2023 में खेलो इंडिया प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता। अब ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना देख रही हैं।

## ओलंपिक तक पहुंचने का सपना, माओवाद के साए में खेलों का उजाला

### खेलो इंडिया लघु केंद्र की स्थापना से खिलाड़ी प्रोत्साहित

खेल प्रतिभाओं को निखारने और ग्रामीण युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने के लिए जिले में खेलो इंडिया लघु केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र माध्यम से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आवश्यक उपकरण, और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्र का उद्देश्य न केवल स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचानना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना भी है। जिले में खेलो इंडिया लघु केंद्र के खुलने से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है।

### घरवालों का सहयोग और टीचर्स की मेहनत बनी प्रेरणा

सुशीला बताती हैं कि शुरुआत में उनके परिवार को तीरंदाजी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। लेकिन जब उन्होंने विभिन्न स्तरों पर खेलना शुरू किया, तो उनके परिवार का समर्थन मिलने लगा। उनके पिता का बचपन में ही निधन हो गया था। उनकी मां गृहिणी हैं, और बड़े भाई खेती का कार्य करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद परिवार ने उन्हें हर संभव सहयोग दिया, जिससे सुशीला की आत्मविश्वास बढ़ा। सुशीला दिनचर्या के बारे में बताती हैं कि वह सुबह अभ्यास के लिए समय निकालती हैं, फिर क्लास अटेंड करती हैं और शाम को ग्राउंड में वापस अभ्यास करती हैं फिर रात में पढ़ाई करती हैं।



### ओलंपिक तक पहुंचने का सपना

आठवीं कक्षा में दीपिका कुमारी से मुलाकात ने सुशीला को ओलंपिक में खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने उस समय ठान लिया कि वह भी दीपिका कुमारी की तरह देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। सुशीला की मेहनत और समर्पण ने उन्हें जिले के अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा बनी है। सुशीला का कहना है कि खेल में सफलता के लिए अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं। उनकी मां और परिवार उन्हें आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अपनी मां को फोन पर यह खुशखबरी दी। तब उनकी मां ने गर्वित होकर उन्हें और अधिक मेहनत करने की सलाह दी थी।

**सुविधा:** मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन टोकन कटा सकते हैं किसान

# जिले में 6 604 किसानों ने बेचा 37229 मीट्रिक टन धान किसानों के खातों में 85.63 करोड़ पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य लगातार जारी है। धान महोत्सव में अब तक जिले के कुल 55 हजार 577 पंजीकृत किसानों में से 6 हजार 604 किसान 7 हजार 174 हेक्टेयर रकबे का धान बेच चुके हैं। 1 दिसंबर 2024 की स्थिति में उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान की कुल राशि लगभग 85 करोड़ 63 लाख 17 हजार रूपए सीधे किसानों के खाते में भुगतान की किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान की खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट के माध्यम से लगातार जांच की जा रही है। धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। धान बेचने वाले पंजीकृत किसान मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन कटा सकते हैं। सभी उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र से धान खरीदी की जा रही है। जिससे किसानों को तौल करने में आसानी हो रही हैं।

- 55 हजार 577 पंजीकृत किसान हैं जिले में



### माइक्रो एटीएम से निकाल सकते हैं 10 हजार तक की राशि

किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है। उपार्जन केन्द्रों में ही माइक्रोएटीएम से 10 हजार रुपए तक की राशि निकालने की सुविधा दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए वाहनों आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में आसानी होगी। उन्हें बैंक जाने की भी आवश्यकता नहीं होगी।

### मौसम बढ़ा रहा किसानों व प्रबंधकों की चिंता

मौसम में लगातार हो रहे उतार- चढ़ाव किसान और समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ा रहा है। किसान अपनी फसल जल्द से जल्द केंद्रों में लाकर बेचना चाह रहे हैं। खेत-खलिहान में धान होने से बारिश होने पर किसानों काफी बढ़ जाती है। दूसरी तरफ समिति प्रबंधक भी मौसम के उतार- चढ़ाव से चितिंत नजर आते हैं। हालांकि केंद्रों में स्टेक लगाकर धान को रखा जा रहा है। इसके बाद धान को कवर से ढंका जा रहा।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की विभिन्न मांगों एवं समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्राम डोंगरीगुड़ा के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं की अवगत कराते हुए सामुदायिक भवन की मांग की। स्थानीय जामकोटपारा के निवासियों ने सामुदायिक भवन निर्माण में गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत की। कलेक्टर ने उनकी शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ एवं आरईएस विभाग को आवश्यक जांच के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। ग्राम मसोरा के कमलेश सिंह ने खेत में बोर कनेक्शन के बिजली का पोल टूटने की जानकारी देते हुए नया पोल लगवाने की मांग की। उनके आवेदन पर कार्यवाही के लिए सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। ग्राम डोंगरीगुड़ा के ग्रामवासियों ने ग्राम सचिव के खिलाफ अनियमितताएं की शिकायत की, जिसकी जांच के लिए कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया। इसके अलावा आर्थिक सहायता, अतिक्रमण की शिकायत, निर्माण कार्य में लापरवाही सहित विभिन्न मांगों को लेकर 16 आवेदन प्राप्त हुए।

- मांगों व समस्याओं के 16 आवेदन मिले

# अमानक बीज से फसल बर्बाद किसानों ने की मुआवजे की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के माकड़ी तहसील के रांधना में उक कृषि केंद्र द्वारा अमानक धान बीज बेचे जाने का मामला सामने आया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि इन बीजों के कारण उनकी फसलें खराब हो गईं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस मामले को लेकर किसानों ने पूर्व मंत्री मोहन मरकाम के नेतृत्व में कलेक्टर कुणाल दुदावत को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मुआवजा दिलाने की मांग की। किसानों का कहना है कि कृषि केंद्र ने जो बीज बेचे, वे मानक गुणवत्ता के नहीं थे। इससे खेतों में उपज न के बराबर हुई। जिससे उनकी आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ा। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ऐसे मामलों से न केवल किसानों का भरोसा टूटता है, बल्कि उनकी मेहनत और संसाधन भी बर्बाद हो जाते हैं।

### कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किसानों को भरोसा दिलाया कि संबंधित कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी की अमानत राशि से किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन दोषी दुकानदार के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि किसानों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

मुफ्त बिजली मिलने के साथ हो रही है अतिरिक्त आय

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से रोशन हुआ तालुकदार का घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह योजना बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश एवं राज्य को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना से न केवल ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। इस योजना के तहत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित की जाती है, जिससे खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हाती है। इससे न केवल उपभोक्ताओं के घर की बिजली बिल जीरो हो रहा है, बल्कि ग्रिड में दी गई अतिरिक्त बिजली के एवज में उन्हें आय भी प्राप्त हो रही है।



प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के ऐसे ही हितग्राही कोण्डागांव स्थित विकास नगर निवासी शिवेश ताल्लुकदार हैं। जिन्होंने योजना का लाभ उठाते हुए 5 किलोवॉट का सौर पैनल संयंत्र अपने घर के छत पर लगवाया है। शिवेश ने बताया कि उन्होंने अपने पिता बिमल तालुकदार के नाम से पीएम सूर्यघर योजना के पोर्टल से 5 किलोवाट के सौर पैनल संयत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें इसके लिए 78 हजार की सब्सिडी शासन के द्वारा प्राप्त हुई। श्री शिवेश ने बताया कि सौर पैनल स्थापना से पहले प्रति माह लगभग 4 हजार बिजली बिल आता था। उन्होंने बताया कि सौर पैनल को लगवाने के बाद बिजली बिल जीरो हो गई है। अभी तक उन्हें तीन महीने में 03 हजार का लाभ हो चुका है। इस पैनल से प्राप्त बिजली से घर की जरूरत के अनुसार खपत के बाद जो अतिरिक्त बिजली मिल रही है वो सीधे विद्युत मण्डल को सप्लाई होती है। इस अतिरिक्त बिजली के बदले उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है।

# वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिया जाना है, जिसके लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर योजनांतर्गत पंजीयन ई केवायसी किया जाना आवश्यक होगा। तत्पश्चात अतिरिक्त रूपये 5 लाख का टॉप-अप योजनांतर्गत प्राप्त होगा जो कि परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के पश्चात भी वरिष्ठ नागरिकों का प्रदान किया जाएगा।

- आयुष्मान वय वंदना कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को होगा लाभ

जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना अंतर्गत पंजीयन का कार्य समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शासकीय जिला अस्पताल कोण्डागॉव में किया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन के लिए राशन कार्ड, आधारकार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। राज्य नोडल एजेंसी से कोण्डागॉव जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन के लिए 20393 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें विकासखण्ड कोण्डागांव के 7021, फरसगांव के 3878, केशकाल के 3209, बडेराजपुर के 2779 और माकड़ी के 3506 का लक्ष्य शामिल हैं।

### वरिष्ठ नागरिक कराएं पंजीयन

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में कोण्डागांव जिले के सभी विकासखंडो में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंग ने 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है, कि वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओ से संपर्क कर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड अतिशीघ्र पंजीयन या ई केवायसी करवाकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**सड़क सुरक्षा के प्रति बढ़ाई जागरुकता**

# हायर सेकंडरी स्कूल मसोरा की छात्र-छात्राओं ने निकाली हेलमेट रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हायर सेकेंडरी स्कूल मसोरा ने एक अनोखी हेलमेट रैली का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने पूरे गांव में घूमकर हेलमेट पहनने के महत्व को बताया और लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान, सड़क पर बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई। हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों का तालियों से स्वागत कर उनका प्रोत्साहन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा देना था। विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास को स्थानीय समुदाय ने खूब सराहा। यह अभियान न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित हुआ, बल्कि समाज में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित किया। रेडक्रॉस प्रभारी राजेश सिंह और शिक्षकों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया गया। अभियान में स्वयंसेवक तुलसी साहू, विनोद नेताम, यश संधू, उत्तम पांडे, पूर्णिमा नाग और अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




### समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं: नायडू

कार्यक्रम को जिलाधीश कुणाल दुधावत के निर्देशानुसार प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद पांडे और शिक्षक दंतेश्वरी राव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी गोविंद राज नायडू ने बताया कि समाज में जागरूकता फैलाने और एक बेहतर नागरिक बनने के लिए छात्रें को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भाग लेना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के जरिए हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

## पेज 7 के शेष

### विधायक ने 20...

मुनीराम साहू, प्रदीप सार्वा, कंवल राम साहू, टेकेश सिन्हा, यशवंत सुरोजिया, पुरूषोत्तम नाग, राजेन्द्र भास्कर, प्रभु मंडावी, दयाराम भास्कर, शिवनारायण कुलदीप, गैन्दू राम मंडावी, गणेश गंगबेर, मुनिराम साहू, त्रिभुवन साहू, श्यामलाल साहू, युधिष्ठिर साहू, तुलसी साहू, रोमलाल साहू, दिनेश्वरी साहू, चुम्मन लाल साहू, पवन नेताम, शिवप्रसद साहू, देशी भास्कर, गायत्री साहू, भगवती साहू और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पीड़ित बहू ने...

किए। पहले भी कई प्रकार के यातनाए दिया जाता रहा है। गला दबाने की कई बार कोशिश किया गया है। बेटी है करके गर्भ को गिराने के लिए जबदस्ती दवाईयां खिलवाई गई। पीड़िता ने पति एवं बड़ी नंनद के खिलाफ कार्यवाही करने की बात पुलिस से किया है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2) 351 (3), 3 (5)बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ग्राम अमोड़ा में...

है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा में ईलाज कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### संकुल स्तरीय बाल...

के बीच कुर्सी दौड़ कभी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम कल्पना मतलामी, द्वितीय सुमन कोर्राम, रस्ता खींच में प्रथम स्कूलपारा पररेकोड़ो, द्वितीय नयापारा पररेकोड़ो की महिलाएं रही। खेल के समापन के प्रभाव पर सरस्वती शिक्षा संस्थान का जिला प्रतिनिधि विजय बेसरा ने कहा छात्र-छात्राओं को खेल गीत के माध्यम से बच्चों को शिक्षा संस्कार निःशुल्क दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है और साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाना है।

इस मौके पर सरस्वती शिक्षा केंद्र के जिला समन्वयक भुवनेश्वर कुलदीप, भानुप्रतापपुर के संकुल समाज में करण नरेटी, अंतागढ़ के संकुल समन्वयक तमेश टांडिया, उमा कौडों, मधुलिका शोरी, सारिका कोरेटी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पोटाली में 159 व बुरगुम में 70 पीएम आवास स्वीकृत



**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत दंतेवाड़ा के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वर्ष 2024-25 के नवीन स्वीकृत आवास के योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार धूर माओवाद ग्रस्त पंचायत बुर्गम में 70 और पोटाली में 159 आवास स्वीकृत किए गए हैं इस दौरान प्रथम बार स्वीकृत आवास हितग्राहियों से जनपद अधिकारियों द्वारा आवास निर्माण के संबंध में आवश्यक चर्चा करते हुए सभी ग्राम वासियों के साथ नवीन स्वीकृत हितग्राही के गृह भूमि पूजन भी किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ग्राम पटेल, पुजारी, सरपंच, सचिव ग्राम प्रमुख आदि शामिल हुए।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता का दिया संदेश




**दंतेवाड़ा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य विभाग, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, और समता महिला मंडल द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का थीम सही रास्ता अपनाएंगे मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार घोषित किया गया है। इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिला अस्पताल में समता महिला मंडल द्वारा रंगोली के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अस्पताल परिसर से रैली के आयोजन के रूप में हुई, जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. अजय राम टेके, सिविल सर्जन डॉ. गंगेश, नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक, डॉ. संजय बघेल और डॉ. एस. मंडल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर रैली में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को एचआईवी, एड्स से संबंधित जानकारी देने के साथ -साथ बताया गया कि एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों के साथ समानता और सम्मान का व्यवहार करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज और स्कूल के छात्र, समता महिला मंडल की ममता सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर, रीता लामा, ज्योति दुर्गा और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करेः कलेक्टर

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक इन्द्रावती सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रेडियम, सीट ब्लेट, हेलमेट, अंधाधूंन मोड़, ब्लैक स्पोर्ट को चिन्हांकित करने, आवारा पशुओ को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन करने, जनजागरुकता सहित सभी उपाय करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। लोक निर्माण विभाग, राजस्व, यातायात, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने आवश्यक पहले करने को कहा।

**प्रतिकूल मौसम : धान मिंजाई के लिए किसान कर रहे कड़ी मेहनत**

# मौसम के मिजाज पर अंचल के किसान चिंतित






हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दक्षिण बस्तर अंचल में मौसम का मिज़ाज ठीक नहीं है। पिछले दो दिनों से बादल छाए हुए हैं। खराब मौसम को लेकर किसान चिंतित है, क्योंकि बारिश हुई तो साल भर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

खुले में धान पड़े होने के कारण बारिश से नुकसान होने की आशंका है। धान के अलावा उड़द, कुल्थी आदि दलहनी फसलों को भी बर्बादी से बचाना मुमकिन नहीं होगा। उड़द का प्रसंस्करण काम जारी है। साफ मौसम के अभाव में उड़द की फल्ली नरम हो गई है और बीज नहीं झड़ रहे हैं। यही हाल रहा तो फफूंद लगने का खतरा है। खराब मौसम से कृषि उत्पाद को बचाने कैप कव्हर और अन्य इंतजाम में किसान जुटे हैं। इस बीच खलिहान में भण्डार किए गए धान की मिंजाई के लिए किसान कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यही कारण है कि पेडी थ्रेशर की मांग इतनी बढ़ गई है कि किसान निर्धारित किराये से 20 प्रतिशत ज्यादा भुगतान करने के लिए मजबूर है। बारिश होने पर धान की क्वालिटी पर फर्क पड़ेगा और लेम्पस में रिजेक्ट हो जाएगा। इस तरह किसानों के आगे खराब मौसम से निपटने की बहुत बड़ी चुन्नौती उत्पन्न हो गई है।

### 15 केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ

मौसम की दगाबाजी से ना केवल किसान बल्कि धान खरीदी में जुटे सहकारी समिति भी परेशान है। उपार्जित धान को कैप कव्हर से ढकने के बाद भी बारिश की सूरत में धान खराब हो जाएगा। मिलर्स ऐसे धान के उठाव में आनाकानी करते हैं और फिर समितियों को घाटा उठाना पड़ता है। बारिश होने पर धान उपार्जन का काम भी प्रभावित होगा। किसान चाहते हैं कि खराब मौसम की परेशानी जल्द दूर हो और बारिश का खतरा टल जाए। दक्षिण बस्तर के सभी 15 केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ हो गई है। मुचनार निवासी थलेश ठाकुर ने बताया कि खराब मौसम को देखते हुए किसान जितनी जल्दी हो सके, धान की मिंजाई कर नुकसान से बचना चाहते हैं। यही कारण है कि धान मिंजाई के लिए पेडी थ्रेशर की मांग बढ़ गई है। प्रति घंटे किसान निर्धारित दर से 20 फीसदी तक अतिरिक्त भुगतान भी कर रहे हैं। मिंजाई कर धान को सुरक्षित रखा जा सकता है, मगर खलिहान में पड़े धान को बारिश से बचाने में मुश्किल होगी। बारिश में भीगे धान ना तो लेम्पस में बिकेगी ना ही व्यापारी खरीदी करेंगे।

## थाना प्रभारी ने कोटवारों की बैठक में अपराध और बचाव पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

पुलिस थाना बस्तर में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश पर कोटवारों की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। थाना प्रभारी द्वारा कोटवारों को उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी देकर महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

बैठक का उद्देश्य ग्राम सुरक्षा को मजबूत करना, संभावित अपराधों के बचाव के उपायों पर चर्चा एवं गांव में शांति व सोहाद्र बनाये रखने हेतु। साथ ही आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान नव पदस्थ थाना प्रभारी हर्ष कुमार धुरंधर ने कोटवारों को चर्चा में कहा कि गांव में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्ति को नजर में रखे और अगर संदेह हो तो उसे गांव में प्रवेश करने ना दे और तुरंत पुलिस को सूचना दे। उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों पर भी चर्चा किया। ऑनलाइन ठगी, फर्जी फोन कॉल्स, बैंकिंग, धोखाधड़ी के बारे में बताया।

गांव में किसी भी अपराधिक गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहा गया साथ ही छोटे-मोटे विवाद को स्थानीय स्तर पर सुलझाने, घटना, दुर्घटना, लड़ाई, झगड़ा होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा गया। बाहरी व्यक्ति, फेरी वाले, अवैध शराब, जुआ सट्टा की रोकथाम के लिए सूचना दें जिस पर कार्रवाई हो सके। इस दौरान बस्तर थाना क्षेत्र के 48 गांव में से 32 गांव के कोटवार बैठक में शामिल हुए।

# छात्राओं ने निकाली एड्स जागरूकता पर रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास सुकमा व बालिका पोटाकेबिन सुकमा के छात्र-छात्राओं के द्वारा एचआईवी एड्स की जागरूकता रैली निकाली गई।

जिला चिकित्सालय से निकली रैली के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों से होकर जन सामान्य तक एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव व जागरूकता का सन्देश दिया गया। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमआर कश्यप व जिला एड्स अधिकारी डॉ. बारसे भीमाराम द्वारा रैली की अगुवाई की गई। कार्यक्रम में डॉ. अनामय बिड़वई, डॉ. स्वेता शर्मा, जयनारायण सिंह जिला टीबी एचआईवी समन्वयक, संतोष चौहान वरिष्ठ लैब पर्वेक्षक, कोशिल्या चंद्राकर जिला एसटीआई परामर्शदाता, राजेश सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी पीरामल स्वास्थ्य अमोल बोरकर, सागर तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## बंदेपर्रे के घरों में मिलने लगा पीने का पानी




**बीजापुर।** ग्राम बंदेपर्रे विकासखण्ड भैरमगढ़ के समीप लगा हुआ है, ग्राम बंदेपर्रे ग्रापं उसकापटनम का आश्रित ग्राम है। यह ग्राम जिला मुख्यालय से लगभग 60-65 किमी दूरी पर स्थित है, इस ग्राम में 11 हैण्डपंप संचालित है इन्ही हैण्डपंपों के माध्यम से ग्राम के 79 परिवारों को पेयजल की सुविधा प्राप्त होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सिंगल विलेज आधारित 3 सोलरों के माध्यम से 19.37 लाख रू. के लागत से ग्राम के 79 घरों पर शुद्ध पेजयल प्रदाय हो रहा है। बंदेपर्रे में आयोजित ग्रामसभा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया एवं योजना के निरंतर संचालन-संधारण और प्रबंधन के लिए ग्रामीणों को जानकारी प्रदाय किया, और ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग और नल कनेक्शन के सही रख-रखाव के लिए प्रेरित किया गया।

**आश्रम भवन को गांव से दूर बना दिए जाने से 300 से ज्यादा बच्चे हुए शिक्षा से वंचित**

# बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे गोंडेरास के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिले का गोंडेरास ग्राम पंचायत नक्सलवाद का दंश झेल रहा है। स्वास्थ्य, बिजली और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। नक्सलवाद के आड़ में अधिकारी भी विकास कार्यों में जमकर मनमानी कर रहे हैं। अस्पताल और आंगनबाड़ी भवन निर्माण में बरती गई अनियमितता के कारण ग्रामीणों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बच्चों को खुले मैदान में बैठाया जा रहा हैं। वहीं अस्पताल भवन की दीवार जर्जर होने की वजह से गिरने की कगार पर पहुंच गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर देवेश कुमार को समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गोंडेरास पंचायत की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने आश्रम भवन जिला मुख्यालय के करीब मुरतोंडा में बना दिया। जिसके चलते पंचायत के 300 से ज्यादा बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए हैं। गोंडेरास के नाम से संचालित आश्रम में गांव का एक भी बच्चा नहीं पढ़ रहा है। कई बार आश्रम को गांव में शिफ्ट करने की मांग कर चुके हैं लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव तक सड़क नहीं है। बच्चों को नदी-नाला और पहाड़ पार कर पैदल आश्रम में पढ़ने जाना संभव नहीं है। धान बेचने के लिए किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोंडेरास से गादीरास उर्पाजन केन्द्र की दूरी पंचायत से 115 किमी है। पहाड़ी और दुर्गम रास्ते होने की वजह से किसानों को भारी परेशानी होती है। धान उर्पाजन केन्द्र गांव के करीब जिला दंतेवाड़ा के अरनपुर में स्थानांतरण कर दिया जाए तो किसानों को सहूलियत होगी। गोंडेरास पंचायत स्कूल भवन नहीं होने के कारण कक्षाएं घरों में लगाई जा रही हैं।

- घरों तक नहीं पहुंची बिजली, गांव की शोभा बढ़ा रहे खंभे

# सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज




हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जिला बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज दंतेवाड़ा जिले में 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ डीआईजी, कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ और अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह के अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारे दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है कि ऐसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता यहां आयोजित की जा रही है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिखाने के साथ-साथ जिले में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भविष्य में इस तरह की और प्रतियोगिताएं दंतेवाड़ा में आयोजित की जानी चाहिए ताकि स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिल सके और खेलों के प्रति उनका रुझान बढ़े। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों का अभिनन्दन करते हुए बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व 23 वीं राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह में विधायक चैतराम अटामी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय और जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने बैडमिंटन प्रदर्शन मैच खेला।

ज्ञात हो कि प्रतियोगिता में कुल 12 जिले रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, रायगढ़, कवर्धा, बिलासपुर, महासमुंद, बस्तर, जांजगीर, सुकमा, दंतेवाड़ा के 150 खिलाड़ी महिला खिलाड़ी 40 व पुरुष 110 भाग ले रहे है। 2 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में उपरोक्त जिले के खिलाड़ी अपनी उत्कृष्टता और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को खेल में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति ने भी सफल प्रतियोगिता की कामना करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एडिशनल एसपी आरके बर्मन, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे एवं खिलाडी उपस्थित थे।

# राशन दुकान विक्रेता संघ ने खाद्यान्न कटौती को लेकर विधायक बघेल को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर राशन दुकान विक्रेता संघ ने सोमवार को खाद्यान्न कटौती को लेकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को ज्ञापन सौंपा। मशीन से राशन देने में आ रही दिक्कत। विक्रेता संघ का आरोप है कि शासन ने छत्तीसगढ़ के सभी दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन ट्रायल में ई पास मशीन को बाध्य किया है।

लेकिन मशीन की गुणवत्ता बेहद खराब है। सुधार भी नहीं होता और आए दिन सर्वर डाउन रहता है, जिसके कारण हर दिन उपभोक्ता और विक्रेता के बीच विवाद होता है। राशन भंडारण में गड़बड़ी के कारण दुकान में राशन कम आती है, इसकी शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की एक बार फिर प्रदेश सरकार पर राशन कटौती का आरोप लगातार आ रहा है। सरकार महिलाओं को 1000 रुपए तो दे रही है, लेकिन बदले में 20 किलो चावल की कटौती कर रही है। कांग्रेस सरकार थी, तो प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल देती थी। बस्तर विधायक बघेल ने कहा कि जब प्रदेश में रमन सिंह की सरकार थी, तब 7 किलो चावल देते थे, लेकिन जैसे ही हमारी कांग्रेस की सरकार आई तो हमने 35 किलो चावल हर परिवार को दिया। अब विष्णु देव साय की सरकार आई है, तब से इन्होंने 5 किलो कर दिया है और राशन में कटौती कर दुकान संचालक को भी एक तरह से परेशान करने का कार्य कर रहे है।

# सीईओ ने विभिन्न संस्थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने रविवार को सुकमा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम फुलबगड़ी और बड़ेसेट्टी का दौरा कर विभिन्न संस्थानों का दौरा किया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्रों और छात्रावास की व्यवस्थाओं के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय में आवश्यकता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरे में डिप्टी कलेक्टर व एसडीएम सुश्री मधु तेता सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

ग्राम फुलबगड़ी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्राम बड़ेसेट्टी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का जायजा लेते हुए श्रीमती जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्टाफ की कमी और उपकरणों की आवश्यकता पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### बड़ेसेट्टी 50 सीटर बालक छात्रावास का लिया जायजा

ग्राम बड़ेसेट्टी में स्थित 50 सीटर बालक छात्रावास का निरीक्षण करते हुए सीईओ ने छात्रावास में रह रहे बच्चों से रूबरू होकर संवाद स्थापित किया। उन्होंने छात्रों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, भोजन, पेयजल, बिजली और साफ़-सफाई की व्यवस्थाओं की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

### सामुदायिक शौचालय बनाने के निर्देश

ग्राम बड़ेसेट्टी में निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केंद्र में भीड़ से किसान हैं परेशान

**बनसागर।** अमोड़ा धान खरीदी केंद्र में 9 ग्राम के किसान धान बेचते है। किसानो की संख्या अधीक होने से खरीदी केंद्र में काफी भी लग जाती है। यहां 600 क्विंटल तक धान खरीदी किया जाता है। हमाल की कमी के चलते व बोरा की कमी के वहज से धान बेचने आए किसानो को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेद कुमार साहू, सत्यप्रकाश, त्रिभुवन नेताम ने अपनी समस्या बताया। बनसागर और अन्य जगह धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग किया गया, लेकिन अश्वासन के बाद भी खरीदी केंद्र नही खुल पाया।

### अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ (शीतकालीन) सत्र 16 से 20 दिसम्बर तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वार्षिक मेले में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता होगी

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम मुड़पार दखनी में वार्षिक मेला के अवसर पर जिला स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता 9 से 12 दिसंबर तक आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रथम पुरस्कार 15001, द्वितीय पुरस्कार 10001, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपए और चतुर्थ पुरस्कार 2501 रुपए दिया जाएगा एवं नाम पंजीयन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है। वहीं 30 किमी दुरी से आने वाले खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था किया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार कश्यप उपाध्यक्ष अनिल मंडावी, वीरेंद्र जैन दिया है। वहीं मेला आयोजन की रात्रि लोक लहर प्रेरणा ग्राम कुसुंमपानी नरहरपुर का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना की जांच के बाद किया चालक पर मामला दर्ज




**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बेलगाल के मेन रोड पुल के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने मामला दर्ज किया गया। विवेचना में पाया गया कि 28 सितंबर को शाम 5 बजें मृतक रूपेश उसेंडी अपने रिश्तेदार गट्टापल्ली निवासी हाल निवासी काराकोदा सुरेशआंचला के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 9057 में सवार होकर बांदे बाजार गए थे। बांदे बाजार से वापस घर आने के बाद दोनो उसी मोटर सायकल से निजी काम से जबेली जाने की बात बोलकर निकला था। रात 10 बजे पीव्ही 78 चौंक बेलगाल मेन रोड़ पुल के पास मोटर सायकल के चालक रूपेश उसेण्डी द्वारा अपने मोटर सायकल को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल समेत गिर गए। राहगिरो के द्वारा सुरेश आंचला को घटना स्थल से उठाकर पीएचसी बांदे अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसे उचित ईलाज के लिये सीएचसी पखांजूर रिफर किया गया था। गंभीर चोट आने की वजह से रूपेश उसेंडी की मौत हो गई। आरोपी चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट करने से आई चोट।

# सुखई रासेयो शिविर में एबीएचए आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सुखई में कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दूसरे दिवस पर औचक निरीक्षण में कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर बस्तर डा. डीएल पटेल एवं बौद्धिक परिचर्चा के लिए मुख्य अतिथि राज्य नोडल एजेंसी, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, छत्तीसगढ़ के आईईसी एक्सपर्ट डा. कुमार सिंह तोप्पा ने कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ महतारी, स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में डा. कुमार सिंह तोप्पा ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत एबीएचए आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट से संबंधित जानकारी दी, जिसका उपयोग मरीज या नागरिक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में डिजिटलीकरण तेजी हो रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र अनिवार्य घटक है। इसके नागरिकों को एक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट एवं आभा आईडी प्रदान किया जाता है। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट एवं आईडी को आप एक स्वास्थ्य पहचान पत्र कह सकते हैं। हॉस्पिटल में आभा एप की नई सुविधा स्कैन एंड शेयर के माध्यम से तुरंत ओपीडी पंजीकरण कर अस्पतालों की लंबी लाइनों से बच सकते हैं।

### सेहत के लिए रहे सचेत




इस हेल्थ आइडी में संबंधित व्यक्ति की सेहत से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे कि डाक्टरी परामर्श, मेडिकल जांच , डायग्नोस्टिक, दवाई, आदि डिजिटल रूप में सुरक्षित रहती है। इसमें सभी अस्पतालों, चिकित्सकों, लैब, फार्मेसी आदि की जानकारियां भी होती है। इसमें स्वास्थ्य निजता का उल्लंघन न हो, इसकी पूरी गोपनीयता सुनिश्चित की गई है। इस हेल्थ अकाउंट को डाक्टरों द्वारा संबंधित व्यक्ति की सहमति से ही देखा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य डाटा का विश्लेषण कर उसका उपयोग चिकित्सा संबंधी नवोन्मेषण में किया जा सकेगा। देश के प्रत्येक नागरिक एवं मरीज हॉस्पिटल एवं अपने मोबाइल पर आभा अकाउंट एवं आईडी बना सकते हैं। मोबाइल पर आभा एप या QR कोड के माध्यम से रजिस्टर ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार नंबर दर्ज करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को नाम, जेंडर, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं ईमेल का विवरण देना होगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गोविंद राम मंडावी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी खेमनलाल मंडावी, देवसिंह कांगे, दिलीप ताम्रकर, नेहा मंडावी, महादलनायक मानसिंह नरेटी, महादलनायिका तोरण चिराम तथा समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## खेलकूद : दौड़, खोखो, कबड्डी स्पर्धाएं हुई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कारों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



संकुल कोदापाखा के ग्राम सनतराई मे संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन अवसर पर संकुल समन्वयक रामचंद्र दुग्गे ने कहा कि त्रिदिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कोदापाखा, बोकराटोला, वाटिनटोला, पाऊरखेडा, सनतराई, कोपाकटेल, नेवारखेडा, क्वाचीकटेल एवं बांगाचार से 9 प्राथमिक शाला, 4 माध्यमिक शालाओं से कुल 220 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर 80 मी दौड़, 100 मी दौड़, 200 मी दौड़, आलू दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, कब्बडी, खो-खो, ब्हालीवाल, रिलेरेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता में स्पर्धा मे प्राथमिक वर्ग बालक 80 मी दौड़ प्रथम शुभम कोदापाखा, द्वितीय सतीश वाटिनटोला, 100 मी दौड़ प्रथम शुभम कोदापाखा, द्वितीय भुपेन्द्र क्वाचीकटेल, आलू दौड़ प्रथम शुभम कोदापाखा, द्वितीय त्रिविपुल कोदापाखा, लंबी कूद प्रथम सतीश वाटिनटोला, द्वितीय भुनेश्वर पाऊरखेडा। बालिका वर्ग 80 मी दौड़ प्रथम भुनेश्वरी क्वाचीकटेल, द्वितीय लकिता पाऊरखेडा, 100 मी दौड़ प्रथम मिनाक्षी क्वाचीकटेल, द्वितीय भुनेश्वरी क्वाचीकटेल, आलू दौड़ प्रथम शिवानी वाटिनटोला, द्वितीय प्रतिज्ञा क्वाचीकटेल, लंबी कूद प्रथम भुनेश्वरी क्वाचीकटेल, द्वितीय विशाखा वाटिनटोला।

माध्यमिक वर्ग बालक 100 मी दौड़ प्रथम अजय बांगाचार, द्वितीय परमेस्वर कोपाकटेल, 200 मी दौड़ प्रथम अजय बांगाचार, द्वितीय परमेस्वर कोपाकटेल, लंबी कूद प्रथम अजय बांगाचार, द्वितीय चन्द्र विजय बांगाचार, गोला फेंक प्रथम चन्द विजय बांगाचार, द्वितीय चन्द्र प्रकाश कोदापाखा। माध्यमिक वर्ग बालिका 100 मी दौड़ प्रथम नेहा कोदापाखा, द्वितीय मोनिका बांगाचार, 200 मी दौड़ प्रथम नेहा कोदापाखा, द्वितीय मोनिका बांगाचार, लंबी कूद प्रथम दीपिका कोदापाखा, द्वितीय मोनिका बांगाचार, गोला फेंक प्रथम रविना पाऊरखेडा, द्वितीय करिश्मा बांगाचार। सामूहिक खेल में बालक वर्ग कब्बडी प्रथम प्राशा वाटिनटोला, द्वितीय प्राशा कोपाकटेल, खो-खो प्रथम प्राशा वाटिनटोला एवं द्वितीय प्राशा क्वाचीकटेल। बालिका वर्ग कब्बडी प्रथम प्राशा बोकराटोला, द्वितीय प्राशा कोपाकटेल, खो-खो प्रथम प्राशा क्वाचीकटेल, द्वितीय प्राशा वाटिनटोला रहे। माध्यमिक वर्ग बालक कब्बडी प्रथम माशा कोदापाखा, द्वितीय माशा बांगाचार, खो-खो प्रथम माशा बांगाचार, द्वितीय माशा कोपाकटेल, व्हालीवाल प्रथम माशा बांगाचार, द्वितीय माशा पाऊरखेडा। बालिका वर्ग कब्बडी प्रथम माशा कोपाकटेल, द्वितीय माशा बांगाचार, खो-खो प्रथम माशा बांगाचार, द्वितीय माशा पाऊरखेडा, व्हालीवाल प्रथम माशा कोदापाखा, द्वितीय माशा बांगाचार। रिलेरेस बालक प्रथम माशा पाऊरखेडा, द्वितीय माशा बांगाचार, बालिका प्रथम माशा कोदापाखा, द्वितीय माशा बांगाचार।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्राथमिक वर्ग एकल मे प्रथम साक्षी बांगाचार, द्वितीय रिया बोकराटोला, सामूहिक प्रथम प्राशा पाऊरखेडा, द्वितीय प्राशा बांगाचार। माध्यमिक वर्ग एकल प्रथम रेणुका बांगाचार, द्वितीय यामिनी पाऊरखेडा, सामूहिक मे प्रथम माशा पाऊरखेडा, द्वितीय माशा कोपाकटेल। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं नगद राशि पर ट्राफी दिया गया। इस मौके पर भगवान गावडे, मन्नूलाल दीवान, बुद्धूराम उसेंडी ग्राम पटेल, जगन्नाथ मंडावी, प्राचार्य डीआर कश्यप, रामचंद्र दुग्गे संकुल समन्वयक, दुखित खरे, सुन्दर लाल चुरेन्द्र, पंचम नरेटी, सोनसाय वट्टी, शत्रुघ्न साहू, भारत भंडारी, रायसिंह नेताम, राजेश नेताम, सुलोचना सोम, बिंदा कोमरे आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड में भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



कांकेर थाना क्षेत्र के युवती के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कांकेर पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

कांकेर थाना में 23 नवंबर को शिकायत करने पहुंची पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराया था कि सन 2022 में उनके मोबाईल नंबर में मिस काल आया। बार-बार फोन आने से परेशान होकर फोन उठाकर नाम पूछने पर अपना नाम पता नई दिल्ली ज्वालापुरी हाल भिलाई पावर हाऊस निवासी श्रवण चौहान होना बताया। फोन करने से मना करने पर भी लगातार फोन करता था। दोस्ती करने की बात बोलकर अपने झांसे में लेकर फांस लिया। दोस्त के नाते बातचीत करती थी, फिर वह अपना ट्रासपोर्टिंग का व्यवसाय बताकर दो तीन बार चायपत्ती एवं ऑल आऊट लाकर दिया।

इसी बात का फायदा उठाकर 23 सितंबर को आरोपी वेस्ट दिल्ली के सुंदर विहार ए 679 कैम्प नंबर 4 ज्वालापुरी निवासी 47 वर्षीय श्रवण चौहान पिता रघुनाथ चौहान कांकेर घुमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया और मना करने के बाद भी दुष्कर्म किया। घटना के संबंध में किसी को बताने पर धमकी दिया। शिकायत पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 409/2024 धारा 64 भा. न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले के की गंभीरता को देखते हुए एसपी आईके एलिसेला के निर्देशन में एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली से एक विशेष टीम गठित कर सायबर सेल कांकेर से तकनीकी विवरण प्राप्त किया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम द्वारा आरोपी के ठिकाने को चिन्हाकिंत करने में सफलता मिला।

टीम रवाना कर आरोपी को दुर्ग जिला के सांई नगर कॉलोनी से हिरासत में लेकर थाना कांकेर लाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपराध कबुल किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के गिरफ्तारी में थाना कांकेर से निरीक्षक मनीष नागर, सउनि भुनेश्वरी भगत व सायबर सेल का विशेष योगदान रहा।

# ईको क्लब सदस्यों ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

पर्यावरण प्रदूषण जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता को प्रभावित करता है एवं प्रदूषण विश्व के समक्ष एक बड़ी समस्या है, जिससे संबंधित कार्यशाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतेसरा ईको क्लब सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस में कार्यशाला परिचर्चा, चित्र बनाकर और भाषण देकर जागरूक करने का प्रयास किया गया। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार, दुनिया भर में हर साल लगभग 7 मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण मरते हैं। हम प्रदूषण को किसी भी पदार्थ, चाहे वह ठोस, तरल, गैस हो या ऊर्जा का कोई भी रूप जैसे ऊष्मा, ध्वनि आदि का पर्यावरण में शामिल होना कह सकते हैं। प्रदूषण पैदा करने के लिए विभिन्न कारक जिम्मेदार हैं, जैसे पटाखे फोड़ना, कार्बन उत्सर्जन, बम विस्फोट, उद्योगों के माध्यम से गैसों का रिसाव आदि। आजकल प्रदूषण की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और प्रदूषण के स्तर को कम करना हम सबकी एवं सरकार का कर्तव्य है। हमें प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए विचार और योजनाएं बनानी चाहिए ताकि आने वाली भविष्य स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। अपने आसपास के वातावरण को साफ सफाई, शुद्ध पेयजल उपलब्धता एवं पेड़ पौधा रोपण किया जाना चाहिए। जनरेशन फॉर क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम के तहत बच्चों ने मै भी पर्यावरण मित्र के तहत सुख एवं गीला कचरा के पृथककरण कर कंपोस्ट खाद बनाने की प्रक्रिया, विद्युत से कार्बन उत्सर्जन मात्रा, प्रतिदिन क्रियाकलापों से पानी की बचत को समझाया। इस कार्यक्रम में शाला के समस्त बच्चे एवं शिक्षकगण शामिल रहे।




# भैंसमुंडी में सरोना कालेज का सात दिवसीय रासेयो शिविर जारी

**सरोना।** शासकीय महाविद्यालय सरोना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भैंसमुंडी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दूसरे दिन 2 दिसंबर को ग्राम के उपसरपंच महेंद्र पाल मांडवी के नेतृत्व में ग्राम भैंसमुंडी में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गांव की गलियों, जल स्त्रोतों और मुख्य मार्गों की सफाई की गई। इस कार्य में शासकीय महाविद्यालय सरोना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी की, वहीं गांव के युवाओं और अन्य ग्रामवासियों ने भी विशेष सहयोग दिया।

महाविद्यालय सरोना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन में ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित होगा और युवाओं को सेवा कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा। इस सफाई अभियान से ग्रामवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी और सभी ने मिलकर इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। शिविर के दौरान ऐसे कई और सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाएगा, जिससे ग्राम भैंसमुंडी में विकास और सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आईपीएस आरठाकुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि रामेश्वर नेताम भूतपूर्व एडीओ ग्राम प्रमुख, अमीना वट्टी सरपंच, महेंद्र पाल मांडवी उपसरपंच, नरेंद्र वटी ग्राम पटेल, देवानंद वटी गायता, महेश वटी पूर्वसरपंच और शाउमावि के प्राचार्य राधिका ध्रुव एवं माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंहा सहित ग्राम पंचायत के सभी सदस्य और ग्रामवासी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय सरोना के प्राचार्य एसके नेताम ने किया।

# पांच दिनी टेनिस बॉल स्पर्धा में लाटमरका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सराधूघमरे के आश्रित ग्राम लाटमरका में पांच दिवसीय सिक्सीट टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कोयलीबेड़ा, अंतागढ़, दुर्गुकोंदल और भानुप्रतापपुर ब्लॉक से लगभग 42 टीमों ने भाग लिया। ग्राम लाटमरका में 5 दिनों तक यह क्रिकेट प्रतियोगिता एक त्यौहार की भांति आयोजन किया गया, जिसमें दर्शक के रूप में आसपास के सभी गांव के निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और खेल का आनंद लिया।

लाटमारका में क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने से लाटमारका एवं आसपास से गांव के ग्रामीण जनों में काफी खुशी का लहर दिखा और क्रिकेट खेल शांतिपूर्ण तरीका से आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान लाटमरका रहा जो दुर्गुकोंदल क्षेत्र की सबसे दिग्गज टीम डीके 11 को फाइनल मुकाबले में चार ओवर में मात्र 30 रन में सिमट कर मात्र 3 ओवर कि 5 गेंद में एक गेंद शेष रहते ही 31 रन बनाकर आसानी से विजय प्राप्त किया। इस तरह से दुर्गुकोंदल ब्लॉक की सबसे काबिल टीम को हराकर इतिहास रच दिया, जिस टीम के सामने आसपास के सभी टीम मैदान में उतरने से पहले ही मायूस नजर आती हैं। यह इतिहास में पहली बार हुआ की लाटमारका दुरांचल चारों ओर पहाड़ियों में बसी गांव की टीम ने इतिहास कायम किया। लाटमारका टीम का प्रदर्शन अद्वितीय रहा जो दुर्गुकोंदल जैसे दिग्गज टीम को किताबी मुकाबले में मात दी। प्रथम पुरुस्कार गाँव के महिला संगठन द्वारा 15000 रूपए, द्वितीय पुरुस्कार, 7501 रूपए, तृतीय पुरुस्कार समिति द्वारा 3501 रूपए, चतुर्थ पुरुस्कार 2501 रूपए द्वारा प्रदन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि मानसू आचला, फूल बत्ती उयके, सरपंच रूपोंतिन आँचला, धनशाय हुर्रा, सन्तु जाड़े, ग्राम गायता हरि जाड़े, रामसू जाड़े, दीपक पुड़ो, रायदर नेताम, लक्ष्मन कुमेटी, ग्राम गायता मार्का छुआ, मनसा वट्टी, अनीता वट्टी, सविता कुमेटी, कमला उसेंडी, अमर जाड़े, नन्द कुमार गुरुवार, फूलसिंह दर्रो, धनसिंह जाड़े उपस्थित रहे।

## भिरौद में गोवर्धन पूजा एवं राऊत नाचा प्रतियोगिता आयोजित

# पौराणिक काल से यादव समाज का देश में विशेष स्थान : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा




छत्तीसगढ़ बड़े कोसरिया यादव समाज विकासखण्ड चारामा के तत्वाधान में भिरौद में आयोजित गोवर्धन पूजा एवं राऊत नाचा प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि यादव समाज का पौराणिक काल से हमारे भारत वर्ष में वर्चस्व रहा है एवं आप भगवान श्रीकृष्ण के वंशज हैं। इस नाते से समाज का ओहदा भी ऊपर है, जिस प्रकार से आप सभी ने संगठित होकर इस आयोजन को सफल बनाया है, यह आपकी एकता को प्रदर्शित करता है, क्योंकि कि एकता में वह शक्ति है बड़े से बड़े कार्य को भी सरलता से किया जा सकता है। आयोजित गोवर्धन पूजा एवं राऊत नाचा प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि राऊत नाचा, हमारे छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और इस संस्कृति को बचाने का सबसे सुंदर प्रयास रहा है, वह यह आयोजन है। ऐसे आयोजनों से ही हमारी संस्कृति व पहचान का पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण होता है व आने वाली पीढ़ी को एक नई सीख मिलती है। यदि हमें अपने समाज के स्तर को ऊपर उठाना है, तो इसके लिए आवश्यक है कि हम शिक्षा को बढ़ावा दें और अपने बच्चों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। किसी भी परिवार व समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक जो है वह है नशा, इसलिए नसे का त्याग करें और समाज के मुख्यधारा से जुड़े। सभा को पूर्व विधायक ब्रह्मनंद नेताम, गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश शोरी और परऊ राम जुर्री सरपंच भिरौद ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नवली मीना मंडावी, चंपा वट्टी सरपंच लखनपुरी, कैलाश हदगिया, हिरवेन्द्र साहू विधायक प्रतिनिधि, महेंद्र नायक, रामकुमार रायस्त, सुनील महावीर, सत्कार पटेल, अजय यादव, तिलक यादव, संत यादव, अरूण यादव, जयश्री यादव, कविता यादव, प्यारी यादव, हेमा यादव, अंबिका यादव, समाज के पदाधिकारीगण व समाजजन उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511